# युवाओं की क्षमता को सही दिशा देना हमारा कर्त्तव्य : सीएमडी



बैठक को सम्बोधित करते सीएमडी, सीसीएल

विगत 07 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, राँची के 'कन्वेंशन सेन्टर' में सोशल डिस्टेंशिग का पालन करते हुये सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल में एक वर्ष तक की अप्रेंटीसशीप कर चुके युवाओं से सीधा संवाद किया और उनके रोजगार संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। श्री सिंह ने उन्हें संबोधित करते हुये कहा कि एक जिम्मेदार सार्वजनिक उपक्रम के रूप में सीसीएल का कर्त्तव्य है कि इन युवाओं को अपनी कौशल एवं क्षमता का सर्वोत्कृष्ट उपयोग करने का अवसर मिलें। श्री सिंह ने सभी युवाओं को प्रेरित करते हुये कहा कि आप सभी रोजगार के विभिन्न विकल्पों पर भी ध्यान दें। ऐसे प्रशिक्षित युवाओं के लिए मुख्यालय के 'रोजगार केन्द्र' के माध्यम से सीसीएल समय–समय पर रोजगार के अवसर संबंधी जानकारी एवं अन्य जानकारी उपलब्ध करायेगा। उन्होंने युवाओं को बताया कि सभी को अपने कौशल में निपुणता और एक अच्छा इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए। चर्चा के दौरान विभिन्न विकल्पों जैसे सीसीएल के वेंडर्स, कॉन्ट्रेक्टर्स एवं अन्य सर्विस प्रोवाईडर के सहयोग से इन प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर के लिए, इन युवाओं के क्षेत्रवार विभिन्न संवर्गों जैसे ईलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर के समूह स्थापित कर स्थानीय कॉन्ट्रेक्टर्स, औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं अन्य को विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने के सुझाव पर, राज्य सरकार के सहयोग से विभिन्न प्रशिक्षण जैसे एचएमवी ड्राईविंग लाईसेंस आदि, स्वरोजगार एवं व्यापार करने के लिए बैंकों से आसान किस्तों पर लोन, भारत सरकार की एनएसडीसी एवं अन्य योजनाओं द्वारा उपलब्ध रोजगार के अवसर पर संवाद किया गया साथ ही किस प्रकार से सीसीएल इस दिशा में इन युवाओं को सहयोग कर सकता है इस पर भी परिचर्चा की गयी।

बैठक में सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री एस.के. सिंह, महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री राजीव सिंह, महाप्रबंधक (सिविल) श्री आर.पी. सिंह, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम) श्री वी.के. सिंह, महाप्रबंधक (उत्खनन) श्री एजाज अहमद, महाप्रबंधक (पी. एण्ड आई. आर) श्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (भर्ती) सुश्री रश्मि दयाल, तथा अन्य उपस्थित थे और सभी ने अपना सुझाव दिये।







सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
दरभंगा हाउस, कचहरी रोड, राँची – 834029, (झारखण्ड)

TOLL FREE NO. 18003456501 सम्पर्क करें : @CCLRanchi @CentralCoalfieldsLtd centralcoalfieldltd Central Coalfields Limited www.centralcoalfields.in


# अपनी बात


अंक : 558 वर्ष 42 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 31 जुलाई, 2020


## केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 'वन महोत्सव 2020' का किया ऑनलाईन शुभारंभ

## सीसीएल में ऑनलाईन ईको पार्क का शिलान्यास



कायाकल्प वाटिका का शिलान्यास करते माननीय सांसद एवं सीएमडी, सीसीएल

विगत 23 जुलाई को माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने दिल्ली स्थित अपने आवास से पौधारोपण कर वृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ के साथ सीसीएल सहित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों एवं लिग्नाईट कम्पनियों में 'वन महोत्सव 2020' का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, कोयला सचिव श्री अनिल कुमार जैन एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे। सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में इस कार्यक्रम का लाईव टेलिकास्ट किया गया जिसमें सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये जन–प्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कर्मी सहित स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया। सीसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में माननीय सांसद (राँची) श्री संजय सेठ, माननीय सांसद (गिरिडीह) श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी, माननीय सांसद (चतरा) श्री सुनिल कुमार सिंह सहित सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से 'कायाकल्प वाटिका'' का उद्घाटन किया। सभी माननीय सांसद, सीएमडी सीसीएल एवं निदेशकगण ने 'कायाकल्प वाटिका' में पौधारोपण किया।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मी सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कोयला मंत्रालय सहित कोयला परिवार को शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया जलवायू परिवर्तन का सामना कर रही है और धरती माता को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना हम सभी का कर्तव्य है।

माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश में कोयला भंडार प्रचुर मात्रा में है और देश को कोयले के आयात करने की आवश्यकता नहीं है। श्री जोशी ने कहा कि उनके मार्गनिर्देशन में कमर्शियल माइनिंग की शुरूआत की गयी है। और हमारा लक्ष्य है कि कोयला का आयात आने वाले समय में शून्य हो जाय। माननीय मंत्री महोदय ने बताया कि कोल इंडिया को वित्तीय वर्ष 2023–24 में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान में स्थानीय जलवायु एवं आवश्यकता को देखते हुये चयनित स्थान पर पौधारोपण किया जा रहा है।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री, माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री, माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड, माननीय सासंद एवं सीसीएल के श्रमिक प्रतिनिधिगण एवं स्टेकहोल्डर्स को साधुवाद देते हुये कहा कि सीसीएल वृहद स्तर पर ईको पार्क का निर्माण एवं वृक्षारोपण समयबद्ध रूप से कर रहा है जिससे झारखंडवासी लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम के दौरान सीसीएल कमांड क्षेत्रों में 317 एकड़ भूमि पर 11 'ईको पार्क' का शिलान्यास किया गया। इन सभी पार्कों का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक के नाम पर किया गया। इन ईको पार्क्स में जैव विविधता, मृदा संरक्षण एवं पर्यावरण संबंधी अन्य गतिविधियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से विस्तारित किया जायेगा। आधुनिक तकनीक का उपयोग जैसे सीड बॉल का प्रयोग कर पौधा प्लांटेशन किया जायेगा। इस इवसर पर सीसीएल में लगभग 1 लाख पौधारोपण एवं वितरण किया गया।


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित (आंतरिक वितरण हेतु)

# केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से 51 कोरोना संक्रमित स्वस्थ्य

सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, राँची एवं रामगढ़ केन्द्रीय अस्पताल में कोविड–19 से ग्रसित मरीजों का ईलाज किया जा रहा है। सभी मरीजों का ईलाज इन अस्पतालों के चिकित्सक एवं पारामेडिकल की टीम द्वारा किया जा रहा है। सफाईकर्मियों का भी योगदान काफी सरहनीय है। ज्ञात हो कि अभी तक कोरोना के 51 मरीज पूर्णतः स्वस्थ्य होने पर आवश्यक चिकित्सीय सलाह के साथ अपने घर चले गए। मरीजों को सीसीएल के चिकित्सकों द्वारा पुष्पगुच्छ, कैप एवं गिफ़्ट हैंपर प्रदान कर विदा किया गया। सभी स्वस्थ्य मरीज काफी खुश थे और वे सीसीएल प्रबंधन एवं उनकी देखरेख करने वाले चिकित्सकों, पारा मेडिकल कर्मियों, सफाई कर्मियों और अन्य सभी की भूरि–भूरि प्रशंसा की और सीसीएल के प्रति आभार व्यक्त किया।



संक्रमित कोरोना मरीज स्वस्थ होकर घर वापस जाते हुए

# लालखंटगा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पूरे विश्व सहित भारत में भी कोविड–19 महामारी का प्रकोप जारी है। ऐसे समय में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के कोरोना योद्धाओं ने विगत 08 जुलाई को नामकुम ब्लॉक स्थित लालखंटगा गांव में जाकर ग्रामीण बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को कोविड –19 से संबंधित अद्यतन जानकारी दिया और दवाईयाँ, मास्क एवं सैनेटाईजर का निःशुल्क वितरण किया गया।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह के मार्गनिर्देशन में लॉकडाउन के दौरान भी सीसीएल के चिकित्सक हेल्पलाईन के माध्यम से आमजनों को कोविड–19 से संबंधित जानकारी प्रदान करते आ रहे हैं। कम्पनी के दो अस्पताल गांधीनगर एवं रामगढ़ में कोविड मरीजों का इलाज चल रहा है।

शिविर में लगभग 50 ग्रामीणों सहित बच्चों को निःशुल्क दवा एवं चिकित्सीय सलाह प्रदान किया गया। इनमें 20 ऐसे बच्चे थे जिनके माता–पिता दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करते हैं। साथ ही सीसीएल के चिकित्सकों द्वारा लोगों को कोरोना महामारी से बचाव हेतु जागरूक किया गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा बताया गया कि आप किस तरह से सोशल डिस्टेंशिंग, स्वच्छता, सैनेटाईजर, मास्क आदि का प्रयोग कर कोरोना से बच सकते हैं।



मास्क, सैनिटाइजर और दवाइयों का वितरण करते सीसीएल के डॉक्टर्स

ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य शिविर पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त किया और इस आयोजन के लिए सीसीएल को धन्यवाद दिया।

# जेएसएसपीएस के 2 कैडेट्स का खेलो इंडिया साइकिलिंग अकादमी में चयन

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और झारखण्ड सरकार की संयुक्त पहल, खेल गाँव राँची स्थित खेल अकादमी, जेएसएसपीएस के 2 कैडेट्स दीपराज उराँव एवं तारा मींज का चयन साई द्वारा संचालित खेलो इंडिया साइकिलिंग अकादमी के लिए हुआ। विदित हो की प्रारम्भिक चयन परीक्षण का आयोजन विगत 15 से 17 अक्टूबर 2019 तक साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा साई के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के सहयोग से खेलगाँव राँची मे किया गया था। जिसमें देश के पाँच राज्यों, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल तथा ओड़ीसा के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

राँची ट्रायल के परिणाम के आधार पर चयनित झारखंड के 26 खिलाड़ीयों को विगत फरवरी 2020 में अंतिम चयन तथा उम्र एवं अन्य चिकित्सीय जाँच के लिए दिल्ली भेजा गया था। जहाँ गहन परीक्षण के पश्चात अंतिम रूप से झारखण्ड के 6 खिलाडियों का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह नें उन सभी को बधाई तथा शुभकामना देते हुए कहा की अकादमी के बच्चों ने पहले ही दिन से अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है और इनका भविष्य उज्जवल है। झारखण्ड सरकार और सीसीएल प्रबंधन की उम्मीद पर सभी खिलाड़ी खरे उतरे है और इस अकादमी की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है की मिशन 2024 ओलिंपिक में निश्चय ही देश के लिए पदक लाएंगे।

खेलेगाँव, राँची के परिसर में खेल अकादमी के कैडेट्स को निःशुल्क शिक्षा, बोर्डिंग और लॉजिंग के साथ विभिन्न खेलों में विश्व स्तरीय सुविधाएँ और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।



जेएसएसपीएस के चयनित कैडेट

# दुर्घटना मृत्यु की तरह माना जाएगा कोल इंडिया कर्मियों का कोरोना से निधन : श्री प्रल्हाद जोशी

विगत 30 जुलाई को माननीय कोयला, खान मंत्री, भारत सरकार, श्री प्रल्हाद जोशी ने अपने राँची दौरे के दौरान कहा कि कोरोना महामारी से होने वाला किसी कोल इंडिया कर्मी का निधन दुर्घटना मृत्यु माना जाएगा और कोल कर्मी के परिजनों को वो सभी वित्तीय लाभ मिलेंगे, जो उन्हें कार्य के दौरान हुए दुर्घटना से निधन होने पर मिलते हैं। इस निर्णय से संविदा कर्मियों सहित कोल इंडिया के लगभग 04 लाख कर्मियों को लाभ मिलेगा। साथ ही, जिन कर्मियों का कोरोना के चलते अभी तक निधन हो चुका है, उनके परिजनों को भी इस निर्णय से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान कोल इंडिया कर्मी अपनी जान जोखिम में डालते हुए लगातार शानदार कार्य कर रहे हैं। यही कारण है कि मैं उन्हें गर्व के साथ कोल योद्धा कहता हूँ। मैंने यह घोषणा राष्ट्र को समर्पित उनकी अमूल्य सेवा को पहचान दिलाने के लिए की है।

अपने राँची दौरे के दौरान श्री जोशी ने झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उनके साथ राज्य में खनन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मंत्रणा की। साथ ही, उन्होंने कोयला कंपनियों– ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के



सीएमपीडीआई में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते माननीय कोयला मंत्री

प्रदर्शन की समीक्षा की और मौजूदा महामारी के बीच भी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में कोल योद्धाओं द्वारा किए जा रहे कठिन परिश्रम की सराहना की। इस बैठक में कोयला मंत्रालय के सचिव श्री अनिल कुमार जैन, कोल इंडिया, अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल, सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह, सीएमपीडीआई सीएमडी श्री शेखर सरन सहित निदेशकगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी एवं केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सक टीम से मिले

माननीय कोयला, खान मंत्री, भारत सरकार, श्री प्रल्हाद जोशी राँची के दौरान माननीय केन्द्रीय मंत्री जनजातीय मामलें श्री अर्जुन मुण्डा के साथ सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर जाकर सीसीएल की मेडिकल टीम से भेंट करके उनका मनोबल बढ़ाया।



माननीय कोयला मंत्री गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सकों के साथ

इस अवसर पर अध्यक्ष कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल, सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव सहित केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर के सीएमएस डॉ सी.पी. धाम, डॉ. डीकीएल चौहान, डॉ मंजू मिश्रा, डॉ रत्नेश जैन एवं अन्य चिकित्सक सहित पारा मेडिकल स्टॉफ सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

माननीय मंत्री महोदय ने अस्पताल में चल रहे कोविड मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी कोल वारियर्स यानि मेडिकल टीम, सफाई कर्मी का साधुवाद करते हुये कहा कि आप सभी कोराना संकटकाल में भी आप अपने दायित्व को पूरी समर्पण और सेवा भाव के साथ निभा रहे हैं।

# हातमा बस्ती में 40 डस्टबिन लगाया गया

कोविड–19 वैश्विक महामारी का प्रकोप तेजी से पुरी दुनिया के साथ–साथ भारत देश में भी फैल रहा है। आज के परिवेश में "स्वच्छ भारत अभियान" का मुहिम कोविड–19 का प्रभाव को कम करने के साथ–साथ स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह के मार्गनिर्देशन में निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए आज हातमा बस्ती, काँके रोड, राँची में 40 (चालीस) आरसीसी डस्टबिन की स्थापना किया गया है। सभी डस्टबीन प्रमुख स्थानों, चौक चराहों, गली, आवास के सामने बस्ती के निवासी एवं आमजन के उपयोग के लिए लगाया गया है जिसे बस्तीवासी कचरे का संग्रहण और निपटान उचित स्थान पर कर सकेंगे जिससे स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा।

निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन के नेतृत्व में कोरोना महामारी की इस संकट के समय में भी सीएसआर के अंतर्गत समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी डस्टबिन की स्थापना सीसीएल के सीएसआर टीम के द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। सीसीएल का उद्देश्य गरीबों, ग्रामीणों, श्रमिकों का सर्वांगीण विकास है।



हातमा बस्ती में लगाये गये डस्टबिन